# आकाशवाणी मध्यप्रदेश
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक: 14.03.2025** **समय: 07.10PM**

## मुख्य समाचार

1- रंगों का त्यौहार होली पूरे देश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
2- प्रदेश में भी लोगों ने खूब खेला रंग, जुमे की नमाज भी शांतिपूर्ण तरीके से हुई।
3- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।
4- वेव्स 2025 के अंतर्गत क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की एक अरब डॉलर कोष की घोषणा।

## होली-देश

रंगों का त्यौहार होली आज पूरे देश में पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। यह त्यौहार वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह एकता और सद्भावना को बढ़ावा देता है। कल होलिका दहन के साथ इस त्यौहार की शुरूआत हुई थी। आज दिनभर देशभर में रंग खेला गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने होली पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि यह त्योहार खुशियां और उत्साह लेकर आता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत और वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा है कि हर्षोल्लास और आनन्द से भरा यह त्यौहार सभी के जीवन में नए उत्साह और ऊर्जा का संचार करता हैं।

देशभर में आज होली के साथ ही शांतिपूर्ण तरीके रमजान के जुमे की नमाज भी पढ़ी भी गई। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान के अति संवेदनशील इलाकों में ड्रोन-सीसीटीवी से निगरानी की गई।

## होली-प्रदेश

इधर प्रदेश में होली की धूम रही। राज्य में सबसे पहले उज्जैन में भगवान महाकाल ने होली खेली। आज सुबह 4 बजे भस्म आरती में बाबा महाकाल को गुलाल लगाया गया। मैहर में मां शारदा के चरणों में भी अबीर गुलाल अर्पित किया गया। मुख्यमंत्री निवास में ब्रज की होली खेली गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राधा-

कृष्ण पर फूल बरसाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे त्यौहार सबका मंगल लेकर आते हैं, इसीलिए ऐसे पर्वों पर बधाई और मंगलकामनाएं दीं जाती हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि ये आनंद मनाने का पर्व है।

समारोह में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर, खजुराहो सांसद वी.डी.शर्मा, समाजसेवी हितानंद शर्मा, भोपाल सांसद आलोक शर्मा, नर्मदापुरम सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी मौजूद रहे। प्रदेश के सभी जिलों में चौक-चौराहों, गलियों और मोहल्लों में सुबह से ही रंगों की रौनक दिखी। सतना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में आज होली का त्यौहार हर्षोल्लास और परंपरागत के साथ मनाया गया। उधर धार जिले में आज धुरैंडी पर गल-चूल मेलों के साथ लोक पर्व भगोरिया का रंगारंग समापन हुआ। नीमच में धुलेंडी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। पूरे जिले में पर्व शांति के साथ मनाया गया। अशोकनगर में आज होली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। चौराहा चौराहा पर लोग एक दूसरे को गुलाल, रंग आदि लगाकर होली खेलते नजर आए। इसके साथ ही कुछ लोगों द्वारा मैरिज गार्डन आदि में सामूहिक होली मिलन कार्यक्रम आयोजित कर मुल्तानी मिट्टी, हर्बल गुलाल आदि लगाकर प्राकृतिक रूप से होली खेली। शिवपुरी में भी आज होली का त्योहार उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया।

**मोदी शांति**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर ध्यान देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप समेत विश्व के कई नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको के साथ कल एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री पुतिन ने कई वैश्विक चुनौतियों के बावजूद युद्धग्रस्त क्षेत्र में शांति लाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और ब्राजील तथा दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपतियों समेत विश्व के कई नेताओं के प्रयासों की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर कहा था कि भारत शांति का पक्षधर है।

*दुनिया की एक ये सोच रही है कि भारत न्यूट्रल है, भारत न्यूट्रल नहीं है। भारत का अपना पक्ष है और भारत का पक्ष है शांति। हम पहले दिन से ही और मैंने राष्ट्रपति पुतिन को उनकी मौजूदगी में मीडिया के सामने कहा था कि ये समय युद्ध का नहीं है और मेरा ये कनविक्शन है कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदानों में नहीं निकलता है, वो टेबल पर चर्चा करके ही निकलता है।*

**वेव्स-2025**

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन-वेव्स 2025 के अंतर्गत क्रिएटर अर्थव्यवस्था के लिए एक अरब डॉलर के कोष की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पहली से 4 मई तक मुंबई में होने वाला यह कार्यक्रम क्रिएटर समुदाय को एक मंच प्रदान करेगा। श्री वैष्णव ने कल नई दिल्ली में वेव्स 2025 पर एक उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित किया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के इस सत्र का उद्देश्य वेव्स 2025 से पहले अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को शामिल करना था। श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि पहला भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान-आईआईसीटी मुंबई के गोरेगांव में फिल्म सिटी के पास स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा कि वेव्स मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए चर्चा, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, हितधारकों और नवप्रवर्तकों को एकजुट करेगा ताकि वे अवसरों का पता लगा सकें, चुनौतियों का समाधान कर सकें और क्षेत्र के भविष्य को आकार दे सकें।

**वन्य जीव पर्यटन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में वन्य जीव पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं और सरकार दृढ़ संकल्प के साथ वन, पर्यावरण एवं वन्य जीव सहित जलीय जंतुओं के संरक्षण के लिए भी काम कर रही है। वन्य जीव संरक्षण की दिशा में एक कदम ओर बढ़ाते हुए अब प्रदेश में दो नए वन्य जीव अभयारण्य स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह नए वन्य जीव अभयारण्य ओंकारेश्वर एवं जहानगढ़ में स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की 28वीं बैठक में 2 वन्य जीव अभयारण्य की स्थापना को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के प्रभावी प्रयासों का ही सुखद परिणाम है कि प्रदेश में बाघ, तेंदुआ, चीता, हाथी, घड़ियाल के साथ-साथ विलुप्त होती प्रजाति के गिद्धों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। गत माह 17 से 19 फरवरी 2025 को हुई ताजा गिद्ध जनगणना के अनुसार प्रदेश में 12 हजार 981 गिद्ध पाए गए हैं। गिद्धों की संख्या बीते वर्ष में ही 19 प्रतिशत बढ़ी है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति**

मध्यप्रदेश, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने में अग्रणी राज्य है। इस शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक पाठ्यक्रमों में चतुर्थ वर्ष को प्रथम बार संचालित किया गया है। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त परिप्रेक्ष्य में भोपाल स्थित उच्च शिक्षा उत्कृष्टता

संस्थान ने, सर्वप्रथम 7वें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया है। श्री परमार ने कहा कि उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान इसी प्रतिबद्धता के साथ, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के ध्येय की पूर्ति में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

**आंगनवाड़ी प्रशिक्षण**

केन्द्र सरकार के "पोषण भी-पढाई भी" कार्यक्रम के तहत प्रदेश की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकताओं को नेशनल करिकल्म फॉर अर्ली चाईल्डहूड केयर एण्ड एजुकेशन 2024 एवं नेशनल फ्रेमवर्क फॉर अर्ली चाईल्डहूड स्टीमूलेशन 2024 के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा। दो चरणों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 से 22 मार्च 2025 और 24 से 26 मार्च को होगा। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 3 वर्ष से कम आयु के बच्चों के पालकों को बाल विकास को प्रेरित करने के संबंध में जागरूक करने, पोषण संबंधी गतिविधियों, 3-6 वर्ष के बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और बच्चों में दिव्यांगता एवं विकास में देरी के संबंध में पालकों को जागरूक करने जैसे विषयों पर प्रशिक्षित किया जाएगा।

**रिजर्व बैंक गर्वनर-हरित ऊर्जा**

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को 'प्राथमिक क्षेत्र ऋण' में शामिल करके उन्हें वित्त प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। इससे जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध देश की लड़ाई में तेजी आई है। नई दिल्ली में कल **'जलवायु परिवर्तन- जोखिम और वित्त'** के बारे में एक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में केंद्रीय बैंकों ने अपने देश की परिस्थितियों को देखते हुए कुछ क्षेत्रों के लिए निर्देशित ऋण नीतियों को अपनाया है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि देश में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं जैसे सौर, बायोमास आधारित, पवन चक्कियों, सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइटिंग प्रणाली और दूरदराज के गांवों में विद्युतीकरण परियोजनाओं को ऋण मंजूर करने के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र माना गया है।

**संक्षिप्त समाचार**

1- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई ने कहा गया है कि होली के कारण 15 मार्च को हिंदी बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो पाने वाले कक्षा 12 के छात्रों को एक और अवसर दिया जाएगा।

2- शिवपुरी में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक 19 मार्च को आयोजित की गई है। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में यह बैठक

होगी। इस बैठक में निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार के सुझाव, कठिनाई या अनिराकृत विषय पर विचार विमर्श होगा।

3- **खरगोन जिले में कल** 15 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी प्रारंभ हो रही है।

4- छिन्दवाड़ा जिले के संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने कल जिला उपार्जन समिति की बैठक में गेहूँ, चना, मसूर एवं सरसों के पंजीयन की समीक्षा की।

5- **सीहोर जिले में लगातार किसानो के खेतो पर अग्नि हादसे हो रहे है है | बरखेड़ा खरेट गांव में बिजली के तारों से निकली चिंगारी ने आसपास के तीन गांवों की 60 एकड़ से ज्यादा फसल को तबाह कर दिया।**

6- **खाद्य एवं औषधि प्रशासन खंडवा द्वारा 31 नमूने जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं।**

----------------------